Total Pages : 3 PG/3rd Sem/HIN/25

# 2025

## M.A. 3rd Semester Examination

## HINDI

### Paper : HIN - 302

### [हिंदी नाटक और रंगमंच]

Full Marks : 50 Time : Two Hours

*The figures in the margin indicate full marks. Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.*

1. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर दीजिए : 10×2=20

(क) 'ध्रुवस्वामिनी और चंद्रगुप्त के संबंधों में व्यक्त प्रेम और संघर्ष स्वरूप को स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'एक और द्रोणाचार्य' नाटक में शिक्षा और नैतिकता के बीच वर्णित द्वन्द्व का विवेचन कीजिए।

(ग) " 'औरत' नाटक स्त्री-उत्पीड़न की गाथा है" — इस कथन के आलोक में उत्तर दीजिए।

(घ) आजादी के बाद के रंगमंच के स्वरूप पर विचार कीजिए।

2. निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों का यथानिर्देश उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) "जात लें जात, टके सेर जात। एक टका दो, हम अभी अपनी जात बेचते हैं। टके के वास्ते ब्राह्मण से धोबी हो जाएँ और धोबी को ब्राह्मण कर दें, टके के वास्ते जैसी कहो वैसी व्यवस्था दें। टके के वास्ते झूठ को सच करें। टके के वास्ते ब्राह्मण से मुसलमान, टके के वास्ते हिन्दू से क्रिस्तान। टके के वास्ते धर्म और प्रतिष्ठा दोनों बेचें टके के वास्ते झूठी गवाही दें। टके के वास्ते पाप को पुण्य मानें, टके के वास्ते नीच को भी पितामह बनावें। वेद धर्म्म कुल-मरजाद सचाई-बड़ाई सब टके सेर।" — सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

(ख) गोवर्धनदास का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(ग) "कई-कई दिनों के लिए अपने को उससे काट लेती हूँ। पर धीरे धीरे हर चीज फिर उसी टरै पर लौट आती है। सब-कुछ फिर उसी तरह होने लगती है जब तक कि हम ... जब तक कि हम नए सिरे से उसी खोह में नहीं पहुँच जाते है। मैं यहाँ आती हूँ ... यहाँ आती हूँ तो सिर्फ इसीलिए कि .... ।" — इस उद्धृतांश का वक्ता कौन है? पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए।

(घ) "मेरा पूरा जिस्म दर्द की तस्वीर है।
मेरी रग-रग में नफरत की आग भरी है।
और तुम कितनी बेशर्मी से कहते हो कि।
मेरी भूख एक भ्रम और मेरा नंगापन एक ख्वाब।"
—सप्रसंग व्यख्या कीजिए।

(ङ) नुक्कड़ नाटक की विशेषताएँ बताइए।

(च) "घड़ी बनाना इंसान का काम नहीं। शैतान का काम है। घड़ी बनाने की कोशिश करना ही खुदा की तौहीन करना है। भगवान ने सूरज बनाया, चाँद बनाया और उसे घड़ी बनाना मंजूर होता तो क्या वह घड़ी नहीं बना सकते थे।" — ससंदर्भ व्याख्या कीजिए।

**Internal Assessment : 10 marks**